# ARCEE INDUSTRIES LIMITED

Regd. Off. & Works : 7th K.M. Barwala Road, Talwandi Rana, Hisar-125 001, INDIA
Ph. : 01662-276178 Mobile : 98120-20111/40111/40222 Fax : 01662-276145
E-Mail : arceeind@rediffmail.com CIN: L29120HR1992PLC031681


**August 15, 2022**

Corporate Relationship Department,
The BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Tower,
Dalal Street,
MUMBAI- 400 001.
SECURITY CODE NO. 520121

**Sub: NEWSPAPER PUBLICATION FOR UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON JUNE 30, 2022.**

**Dear Sir/Madam.**

Please find enclosed herewith Newspaper Publication of Unaudited Financial Results of the company for the quarter ended on 30th June, 2022 which is published in The Financial Express (English newspaper) and Jansatta (Hindi newspaper) on 14.08.2022.

**This is for your information in your records.**

**Thanking you,**

**Yours faithfully,**
**For: ARCEE INDUSTRIES LIMITED**

ARCEE INDUSTRIES LIMITED HISAR

**(SRISHTI)**
**COMPANY SECRETARY &**
**COMPLIANCE OFFICER**



# विश्व रेकार्डः चंडीगढ़ में 7500 लोग एक साथ दिखे तिरंगे की शक्ल में

चंडीगढ़, 13 अगस्त (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ शहर में आज अनोखा नजारा देखा गया, जो विश्व रेकार्ड बन गया है। शहर का नाम आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान 7500 लोगों ने एकसाथ खड़े होकर 'ह्यूमन फ्लैग' बनाया है। यह रिकार्ड गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हो सकता है।



सेक्टर-16 के क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे शहरवासियों ने एकजुट होकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा 'ह्यूमन फ्लैग' बनाया। इसके लिए 7500 लोग एकसाथ तिरंगे की शक्ल में दिखे। सुबह करीब साढ़े 10 बजे लोग 'ह्यूमन फ्लैग' बनाने के लिए जुटे थे। इस कार्यक्रम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी शामिल हुए थे। हवा में तिरंगा उड़ने जैसी आकृति बनाई। यह अपने आप में एक खास पल था। इस दौरान पूरा क्रिकेट स्टेडियम 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे नारों से गूंजने लगा।

चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। जबकि विदेश एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी विशेष अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में मौजूद रहीं। यह कार्यक्रम यूटी प्रशासन ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर आयोजित किया। इसके लिए लगभग डेढ़ महीने से तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि इस मौके पर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकाड्र्स की टीम भी मौजूद रही। यह कार्यक्रम लोगों के दिलों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने के लिए आयोजित किया गया था। साथ ही सबसे बड़ी जनभागीदारी का प्रतीक भी साबित हुआ। सभी प्रतिभागियों ने बारी बारी से इस तरह एक्ट किए, जिससे ऐसा प्रतीत हुआ कि तिरंगा हवा में लहरा रहा है। 75वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर आजादी का अमृत महोत्सव लोगों को एकजुट करने के लिए ही आयोजित किया रहा है।

### इससे पहले दुबई में बना था रेकार्ड

इससे पहले साल 2017 में दुबई में 4130 लोगों ने ऐसा रिकार्ड बनाया था। 28 नवंबर 2017 को जीईएमएस एजुकेशन (यूई) की तरफ से आबुधाबी में लोगों ने इसी तरह का लहराता हुआ 'ह्यूमन फ्लैग' बना यह रिकार्ड बनाया था।

# पंजाब में खुलेंगे 16 नए मेडिकल कालेज

## राज्य में स्थापित हो रहे पांच मेडिकल कालेजों के काम की समीक्षा

चंडीगढ़, 13 अगस्त (जनसत्ता)।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया है कि पंजाब शीघ्र ही देश में मेडिकल शिक्षा का केंद्र बनकर उभरेगा।

मुख्यमंत्री ने संगरूर, मोहाली, कपूरथला, होशियारपुर और मलेरकोटला में बनने वाले पांच नए मेडिकल कालेजों की प्रगति का जायज़ा लेने के लिए बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विश्व स्तर के डाक्टर तैयार करने के लिए राज्य की शानदार विरासत है और आज भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी योग्य डॉक्टर बनने के लिए डॉक्टरी शिक्षा के इच्छुक हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अफ़सोस ज़ाहिर किया कि राज्य में पिछली सरकारों ने पंजाब में उच्च दर्जे के मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। इस वजह से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को डॉक्टरी शिक्षा हासिल करने के लिए विदेश जाना पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार आने वाले पांच साल के दौरान राज्य में 16 नए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 25 हो जाएगी, जिससे पंजाब मेडिकल शिक्षा के केंद्र में बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरी शिक्षा हासिल करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अब युक्रेन जैसे देशों में नहीं जाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को मानक मेडिकल शिक्षा मुहैया करवाई जाएगी। इस संबंधी एक और एजंडे पर विचार करते हुए भगवंत मान ने आदेश दिए कि मेडिकल कॉलेज, संगरूर के लिए पदों के सृजन करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को कॉलेज से जुड़े निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा की पालना को सुनिश्चित बनाने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से दाख़िले समय पर शुरू करने को सुनिश्चित बनाया जाए।

मोहाली में बनने वाले मेडिकल कॉलेज के लिए मुख्यमंत्री ने अगले साल के लिए ज़रूरत के मुताबिक और अस्पताल एवं होस्टलों का पहल के आधार पर निर्माण को समयबद्ध करते हुए तेज़ी लाने के हुक्म दिए हैं। इसी तरह उन्होंने लोक निर्माण विभाग को कपूरथला और होशियारपुर के मेडिकल कॉलेजों को अपग्रेड करने और निर्माण कार्यों के लिए टैंडर जारी करने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए कहा।

# स्वतंत्रता दिवसः शहर में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त, चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर

चंडीगढ़, 13 अगस्त (जनसत्ता)।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर शहर में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। एसएसपी कुलदीप सिंह चहल,एसएसपी मनीषा चौधरी, एसएसपी मनोज कुमार मीणा, एसपी सिटी श्रुति अरोड़ा, एसपी केतन बंसल के सुपरविजन में सभी एसडीपीओ, डीएसपी, एसएचओ, चौकी इंजार्ज को शहर की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है।

आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने व लगाम कसने के लिए आपरेशन सेल की टीम, क्राइम ब्रांच की टीम, जबकि शहर में सड़कों पर जाम न लगे उसके लिए ट्रैफिक पुलिस और पीसीआर की टीमें मोर्चा संभालेगी। इस पर पहले की अपेक्षा सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है।

स्वतंत्रता दिवस तक चंडीगढ़ के हर हिस्से,चौक चौराहे से लेकर गली मोहल्ले में भी पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। पूरे शहर में करीब 3500 पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। 15 अगस्त को सेक्टर 17 परेड ग्राउंड में होने वाले प्रशासनिक समारोह और शाम को गवर्नर हाउस में एट होम कार्यक्रम के दौरान यहां आसपास पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। परेड ग्राउंड के आसपास की बिल्डिंगों पर भी पुलिस के शार्प शूटर कमांडों तैनात किए जाएंगे जो कि हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखेंगे। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शपिंग माल, प्रमुख बाजार आदि पर चौकसी बरती जा रही है।

# शहीदों की कुर्बानी का सम्मान कर आगे बढ़ेंः विशाल

करनाल, 13 अगस्त (जनसत्ता) ।

जिला कारागार करनाल के अधीक्षक विशाल छिब्बर ने कहा है आजादी का अमृत महोत्सव तभी सही मायने में सार्थक होगा जब हम स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों की कुर्बानी को याद रखकर आगे बढ़ेंगे।

छिब्बर शनिवार को प्रयोग फाउंडेशन द्वारा हरियाणा साहित्य अकादमी के सहयोग से जिला कारागार करनाल में आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्त अतिथि भाग लेकर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने भी आज से प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है। विशाल छिब्बर ने कहा कि जेल में कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

जेल प्रशासन के लिए यह सौभाग्य की बात है कि हर घर तिरंगा अभियान में करनाल जेल भी शामिल हुई है। कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात कवि सीमा गुप्ता के मंच संचालन में आयोजित कवि सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायरा शहनाज भारती, कंचन भल्ला, विजेंद्र चौहान, डॉ. अश्वनी शांडिल्य, व संतोष गर्ग ने आजादी दिवस से ओतप्रोत रचनाएँ पेश कर जिला कारागार का माहौल देश भक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION
tifr HBCSE
Tata Institute of Fundamental Research

National Olympiad Programme 2022-2023
in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science and Mathematics

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 26 and 27, 2022** and in **Indian Olympiad Qualifier in Mathematics (IOQM)** (for Mathematics) on **October 30, 2022.**

Qualification in **NSE/IOQM** is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2023.**

To enroll:
**NSEs:** https://www.iapt.org.in **(Aug 21 - Sep 14, 2022)**
**IOQM:** https://www.mtai.org.in **(Aug 8 - Sep 8, 2022)**
For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in https://www.mtai.org.in

# हरियाणा में विधायकों को धमकी देने वालों के तार पाक से जुड़े

चंडीगढ़ , 13 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा पुलिस द्वारा विधायकों को धमकी दिए जाने के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए हैं जो हवाला के जरिए पैसा भेजते थे। अब तक हुई जांच के आधार पर शनिवार को हरियाणा पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जून व जुलाई में हरियाणा,पंजाब व दिल्ली के विधायकों को धमकी दी गई थी जिसके संबंध में अलग-अलग मुकदमें दर्ज हुए थे।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सोनीपत के विधायक सुरेन्द्र पंवार, साढोरा की विधायक रेनु बाला, सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली, सोहना के विधायक संजय सिंह तथा पंजाब व दिल्ली के पूर्व विधायकों को जान से मारने की धमकी देकर फिरोती मांगी गई थी। इस संबंध में आरोपियों अमित यादव उर्फ राधेश्याम कुमार यादव, सद्दीक अनवर, सनोज कुमार, कैश आलम, दुलेश आलम, बदरे आलम व अबुलेश आलम को गिरफ़्तार किया गया तथा आरोपियों से काफी मात्रा में चैक बुक, पासबुक, ए.टी.एम. कार्ड , मोबाईल सिम, मोबाईल फोन व नकद रुपये बरामद किए गए।

प्रवक्ता के अनुसार आरोपियों के फोनों में कुल 18 वर्चुअल नंबर विदेशों से आप्रेट होने पाए गए। गिरफ्तार आरोपियों के साथी आरोपी मिडल ईस्ट में ईकबाल कैश आलम व सदिक तथा साउदी अरब में राकेश तथा पाकिस्तान में अली, नजीर, वसीम, शब्बीर, इमरान, एमडी खान व रफ़ीक हैं। सभी ने आपस में मिलकर जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नंबर व अन्य संबंधित डाटा इंटरनेट से लेकर चालाकी से स्थानीय गैंगस्टर के नाम से व्हाट्सप्प के जरिये कॉल और चैट से धमकी दे कर पैसे ऐंठने का प्रयास किया गया।

अबुलेश आलम पहले आनलाइन ठगी करता था। जून 2021 मे पोक्सो व रेप के मुकदमे में बेतिया (बिहार) जेल चला गया था। अबुलेश आलम ने अमित उर्फ राधेश्याम व अपने छोटे भाई दुलेश आलम को ठगी का यह काम सीखा कर विदेश मे बैठे अपने भाई कैश आलम व ईकबाल कैश आलम, सदिक, राकेश, अली, नजीर, वसीम, शब्बीर, इमरान, रूष्ठ खान वा रफ़ीक के साथ सम्पर्क करवा दिया। कैश आलम करीब तीन साल दुबई में रह चुका है।

### पंजाब में बासमती चावलों पर 10 कीटनाशकों के प्रयोग पर रोक

**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने बासमती चावलों के निर्यात में रुकावट डालने वाले कुछ कीटनाशकों की बिक्री, भंडारण, वितरण और प्रयोग पर पाबंदी लगाने के निर्देश जारी किये हैं।

कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, जिन्होंने पहले ही कृषि विभाग के अधिकारियों को नकली और घटिया दर्जे के कीटनाशकों की बिक्री पर नज़र रखने और ऐसी कार्यवाहियों के विरुद्ध अपेक्षित कार्यवाही करने के लिए सख़्त हिदायतें जारी की थीं, ने कहा है कि अब यह निर्देश बासमती चावलों की गुणवत्ता में सुधार के लिए किसानों के पक्ष में जारी किये गए हैं।

HIRA AUTOMOBILES LIMITED
Regd. Office : # 598, Sector 18-B, Chandigarh | CIN:- L50101CH1989PLC009500
Tel:0172-2743462 | Email : hiraaccounts@gmail.com | www.hiraautomobiles.com

**Extract of Statement of Un-Audited Standalone Financial Results for the quarter ended 30th June, 2022** (Rs. In Lakhs except EPS data)

| Particulars | Quarter ended 30.06.2022 Un-Audited | 31.03.2022 Audited | 30.06.2021 Un-Audited | Year ended 31.03.2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| • Total Income from Operations | 5672.36 | 7636.97 | 3861.54 | 22472.45 |
| • Net Profit/(Loss) from tax, exceptional and extraordinary items | 14.05 | 61.56 | (59.64) | 70.99 |
| • Net Profit/(Loss) for the period before tax after exceptional and extraordinary items | 14.05 | 61.56 | (59.64) | 70.99 |
| • Net profit after tax from ordinary activities | 11.05 | 52.11 | (59.64) | 70.99 |
| • Total comprehensive income | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| • Equity Share Capital | 275.34 | 275.34 | 275.34 | 275.34 |
| • Other equity | 959.00 | 947.95 | 886.41 | 947.95 |
| • Earnings Per Share (before and after extraordinary items)(of Rs 10/-each) | | | | |
| Basic: | 0.40 | 1.89 | (2.17) | 2.24 |
| Diluted: | 0.40 | 1.89 | (2.17) | 2.24 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of un-audited standalone financial results for the quarter ended 30th June, 2022 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of above Results is available on the websites of Company and BSE Limited at www.hiraautomobiles.com and www. bseindia.com.

**For Hira Automobiles Ltd.**
Rahulinder Singh Sidhu
**Managing Director**
DIN-00447452

**Date : 12-08-2022**
**Place : Chandigarh**

आरसी इंड़स्ट्रीज लिमिटेड
पंजी. कार्यालयः 7वां, के.एम बरवाला रोड, तलवंडी राना, हिसार-125001 (हरियाणा)
फोन नं0.: 01662-276178, 98120-40111, फैक्स नं0: 01662-276145
CIN No. L29120HR1992PLC031681, ईमेल आईडी: arceeind@rediffmail.com

**30.06.2022 को समाप्त तिमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम**
(रू. लाखों में कथित को छोड़कर)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2022 (अनंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2022 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2021 (अनंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय में अन्य आय शामिल | 708.12 | 1106.04 | 856.71 | 3425.35 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/व असाधारण मदों से पूर्व) | (41.26) | 83.88 | 30.42 | 63.84 |
| कर के पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद) | (41.26) | 83.88 | 30.42 | 63.84 |
| कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/व असाधारण मदों के बाद) | (41.26) | 66.53 | 30.42 | 46.49 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | - | - | - | - |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 513.88 | 513.88 | 513.88 | 513.88 |
| पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दिखाए गए अनुसार रिजर्व (पुनर्मुल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | 44.92 |
| प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10/- के) (चालू और बंद प्रचालन के लिए) ए) बेसिक | (0.80) | 1.29 | 0.59 | 0.9 |
| बी) डायल्यूटिड | (0.80) | 1.29 | 0.59 | 0.9 |

**टिप्पणी:**
1. सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार, ऊपर दर्ज की गई त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर उपलब्ध है।
2. 13 अगस्त, 2022 को आयोजित बैठक में उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखा समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है, उसी की सीमित समीक्षा कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
आरसी इंड़स्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
(श्रुति गुप्ता)
निदेशक
DIN - 01742368

स्थानः हिसार
तिथिः 13.08.2022

# हरियाणा पुलिस के आइजी और तीन जिलों के एसपी से लोग मांग रहे 'कर्ज'

चंडीगढ़, 13 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा में तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों तथा एक आइजी को बार-बार कर्ज देने के लिए फोन आ रहे हैं। एक तरफ हरियाणा पुलिस साइबर क्राइम तथा फाइनांस के फ्राड पर काबू पाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है वहीं दूसरी पुलिस के आला अधिकारी भी निशाने पर आ गए हैं।

चारों पुलिस अफसरों के सरकारी मोबाइल नंबरों पर हरियाणा और दूसरे राज्यों के लोग कर्ज के लिए फोन आ रहे हैं। तीनों जिलों के एसपी और उनका स्टाफ कॉल करने वालों को बार-बार यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि यह नंबर कर्ज देने वाली किसी कंपनी का नहीं, बल्कि पुलिस अफसरों के हैं।

एक समाचार पत्र द्वारा पिछले दो दिनों से सत्यम फाइनांस कंपनी का विज्ञापन छापा जा रहा है। जिसमें कर्ज देने की बात कही गई है। कर्ज लेने के इच्छुक लोगों को संपर्क करने के लिए इस विज्ञापन में ही हिसार रेंज के आईजी तथा सिरसा, हिसार व जींद जिले के एसपी का नंबर छापा गया है।

कंपनी ने अपने इस विज्ञापन में गरीब योजना के अंतर्गत मार्कशीट लोन, संपत्ति लोन, व्यवसाय लोन, मछली पालन लोन और भूमि पर लोन का ऑफर किया है। विज्ञापन में लिखा है, 'लोन लें, कम किश्तों में, कम ब्याज में।' इसके बाद पुलिस अफसरों के मोबाइल नंबर लिखे हैं।

शनिवार सुबह से हिसार के आईजी राकेश आर्य और सिरसा, हिसार व जींद के एसपी के पास अचानक आनी शुरू हुई कॉल्स ने उनको सकते में ला दिया।

इन चारों अफसरों के सरकारी मोबाइल नंबरों पर हरियाणा और दूसरे राज्यों से लोग कॉल करके लोन के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। शुरू में तो अधिकारियों ने इसे किसी की शरारत समझी मगर जब दोपहर तक फोन बढने लगे तो जांच में पता चला कि एक समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर यह फोन किए जा रहे हैं। कोई अधिकारियों से मछली पालन तो कोई डेयरी फार्मिंग के लिए लोन मांग रहा है।

मामला आला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो पुलिस महानिदेशक पी.के. अग्रवाल ने इस मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए कि समाचार पत्र में यह विज्ञापन किस आधार पर प्रकाशित हुआ है और विज्ञापन देने वाले ने यह फोन नंबर कैसे दिए हैं।

### लोक अदालत में मामले निपटाए

**पंचकूला:** पब्लिक यूटीलिटी सर्विसेस, पंचकूला के लिए बीते शुक्रवार को स्थायी लोक अदालत लगाई गई। इसमें 2601 मामलों का निपटान किया गया जहां कुल 26,18,87,622 रुपए मूल्य के मामलों का निपटारा हुआ।

MARBLE FINVEST LIMITED
CIN: L65910CH1984PLC021285
Regd Office: 78, Industrial Area, Phase-1, Chandigarh-160002
Ph.:0172-3911701/61,Email: marblefinltd@gmail.com, website:marblefinvest.com

Extract from Un-audited Financial Results for the quarter ended 30.06.2022 (Rs. in lacs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended 30.06.2022 (Un-Audited) | Quarter Ended 30.06.2021 (Un-Audited) | Year Ended 31.03.2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 3.84 | 3.99 | 16.01 |
| 2. | Net Profit/(Loss) (before tax and Exceptional and/or Extraordinary Items) | (0.12) | 1.42 | 2.85 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | (0.12) | 1.42 | 2.85 |
| 4. | Net Profit/(Loss) after tax and Exceptional and/or Extraordinary items) | (0.12) | 1.05 | 2.05 |
| 5. | Total Comprehensive Income (Comprising Profit/ (loss)after tax and other comprehensive Income) | (0.12) | 1.05 | 2.05 |
| 6. | Equity Share Capital of Nominal value of Rs.10/- each | 279.90 | 279.90 | 279.90 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet | -- | -- | 3216.69 |
| 8. | Earnings Per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)(amount in Rs.) Basic & Diluted: | (0.00) | 0.04 | 0.07 |

Note:- The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Financial Results is available on the portal of Metropolitan Stock Exchange of India (MSEI) at www.msei.in and company's website at www.marblefinvest.com.

By order of the Board
For Marble Finvest Ltd
(Kamal Jeet)
Whole Time Director & CFO
(DIN:08562859

Place:Chandigarh
Date:13.08.2022

RUCHIRA PAPERS
RUCHIRA PAPERS LIMITED
Regd. Office: Trilokpur Road, Kala Amb, District-Sirmaur-H.P-173030
Website : www.ruchirapapers.com, Email : cs@ruchirapapers.com
CIN: L21012HP1980PLC004336

EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER 30th JUNE 2022
Rs.(In Lakhs) except Earning per Share

| S.No | Particulars | Quarter Ended 30.06.2022 Un-Audited | 31.03.2022 Audited | 30.06.2021 Un-Audited | Year Ended 31.03.2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations (net) | 19916.76 | 19136.62 | 12589.72 | 61429.64 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | 1565.01 | 2173.00 | 607.49 | 4453.61 |
| 3 | Net Profit for the period (before tax after exceptional items) | 1565.01 | 2173.00 | 607.49 | 4453.61 |
| 4 | Net Profit for the period (after tax after exceptional items) | 1163.43 | 1611.53 | 451.79 | 3309.36 |
| 5 | Total comprehensive income for the period | 1160.76 | 1640.94 | 471.80 | 3298.75 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 2615.68 | 2520.43 | 2425.18 | 2520.43 |
| 7 | Other Equity (as shown in the Audited Balance Sheet of Previous Year | - | - | - | 28438.61 |
| 8 | **Earnings per share (of Rs. 10/- each) Not annualised** | | | | |
| | (a) Basic | 4.45 | 6.39 | 1.86 | 13.13 |
| | (b) Diluted | 4.37 | 6.27 | 1.83 | 12.89 |

The above is an extract of the detailed format of financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results are available on the stock exchange websites, at a link (http://www.bseindia.com/#corporates) and (https://www.nseindia.com/corporates) and on the Company's website at www.ruchirapapers.com

For and on behalf of Board of Directors
Umesh Chander Garg
Managing Director

Place: Kala Amb
Date: 13.08.2022